# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 28.05.2025

मुख्य समाचारः–

1– आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को दी मंजूरी।

2– मानसून ने आज छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है।

3– छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू होगा।

4– बलरामपुर जिले में सहकारी बैंकों में करीब साढ़े छब्बीस करोड़ रूपये के घोटाले के ग्यारह आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

कैबिनेट निर्णय

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि सरकार ने आगामी विपणन सत्र के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके।

वहीं, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए संशोधित ब्याज छूट योजना के तहत ब्याज छूट को जारी रखने की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा

जनता दल यूनाइटेड के सांसद संजय झा की अगुवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंच गया है। यह भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है।

वहीं, शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कांगो की यात्रा समाप्त कर सिएरा लियोन के लिए प्रस्थान किया है।

भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में सभी दलों का संसदीय शिष्टमंडल रोम पहुंच गया है। यह शिष्टमंडल ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का मजबूत और एकजुट संदेश पहुंचाएगा।

इस बीच, कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय शिष्टमंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की।

मौसम

दक्षिण–पश्चिम मानसून का प्रवेश आज छत्तीसगढ़ में हो गया है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इसके अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़ के कुछ और भाग, ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल के कुछ भाग और सिक्किम में पहुंचने की संभावना है।

इस बीच, दक्षिण–पश्चिम मानसून आज छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा तक पहुंच गया है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल उनतीस मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू होगा। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल ओडिशा के पुरी से इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। बारह जून तक चलने वाले इस अभियान का लक्ष्य देश के सात सौ जिलों के लगभग डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचना है।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने आज रायपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान को लेकर छत्तीसगढ़ में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आई.सी.ए.आर., केंद्रीय कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से किया जाएगा।

पंडीराम मंडावी–पद्मश्री

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कल नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में नारायणपुर जिले के ग्राम गढ़बेंगाल के पंडीराम मंडावी को पद्मश्री सम्मान से विभूषित किया। यह सम्मान उन्हें जनजातीय वाद्य यंत्र निर्माण और काष्ठ शिल्प कला के क्षेत्र में उनके अद्भुत तथा उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया।

पद्मश्री सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री मंडावी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ की जनजातीय प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि का गौरवपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्री मंडावी जैसे कलाकारों ने अपनी साधना से यह सिद्ध किया है कि हमारी कला विश्व पटल पर छा सकती है। श्री साय ने कहा कि यह सम्मान बस्तर की लोक परंपरा, शिल्प और सांस्कृतिक चेतना को राष्ट्रीय गौरव दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

राज्यपाल–कांकेर

राज्यपाल रमेन डेका ने आज अपने कांकेर प्रवास के दौरान अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। बैठक में राज्यपाल ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जिले के शासकीय भवनों के साथ ही निजी भवनों में भी वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से सड़कों के किनारे और खाली जगहों तथा शासकीय कार्यालयों में अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा। साथ ही राज्यपाल ने ठोस कार्ययोजना बनाकर बारिश के पानी को संरक्षित करने पर जोर दिया।

अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल ने कांकेर जिला पंचायत परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

राज्यपाल आज कांकेर के सिंगारभाट स्थित 'काउंटर टेरेरिज्म एंड जंगलवार फेयर' महाविद्यालय भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जवानों के अभ्यास का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री–कांकेर

सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कांकेर जिले के मांदरी गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर श्री साय ने मांदरी हाई स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए बीस लाख रूपए, आंगनबाड़ी केंद्र भवन में बाउंड्रीवाल के लिए पांच लाख रूपए, साल्हेभांट में सीसी सड़क निर्माण के लिए पंद्रह लाख रूपए और झुरा नाला से सिंचाई के लिए साढ़े तीन करोड़ रूपए की स्वीकृति देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान उन्हें लोगों की परेशानियों के बारे में जो जानकारी मिल रही है, उसे दूर करने का निर्देश प्रशासन को दिया जा रहा है।

चावल उत्सव

प्रदेश में एक से सात जून तक 'चावल उत्सव' मनाया जाएगा। इस उत्सव के दौरान प्रदेश के इकयासी लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त महीनों के चावल का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। इस संबंध में राज्य शासन ने प्रदेश की उचित मूल्य दुकानों को चावल का आबंटन जारी कर दिया है।

सरकारी बैंक घोटाला–आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ और कुसमी सहकारी बैंकों में करीब साढ़े छब्बीस करोड़ रूपये के घोटाले के ग्यारह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें सहायक मुख्य पर्यवेक्षक, संस्था प्रबंधक, लेखापाल और कम्प्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने बताया कि आरोपियों ने आपसी मिलीभगत और कूटरचना कर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कई अकाउंट खोले।

युक्तियुक्तकरण–प्रदर्शन

प्रदेश में दस हजार से अधिक स्कूलों के युक्तियुक्तकरण करने के राज्य सरकार के फैसले के विरोध में विभिन्न जिलों से आए शिक्षकों ने आज नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन किया। उन्होंने राज्य सरकार से स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के फैसले को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के युक्तियुक्तकरण का फैसला शिक्षा गुणवत्ता से खिलवाड़ और सरकारी स्कूलों को कमजोर करने का प्रयास है। राज्य सरकार द्वारा वर्ष दो हजार आठ के सेटअप में किए जा रहे बदलाव का प्रदर्शनकारी शिक्षक विरोध कर रहे हैं। चौबीस शिक्षक संघों ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि फेडरेशन ने भी शिक्षकों के मांगों का समर्थन किया है।

धरना के बाद प्रदर्शनकारी शिक्षक मंत्रालय घेराव के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही बैरीकेड्स लगाकर रोक दिया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

वीर सावरकर–जयंती

महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की आज जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर न केवल आजादी की लड़ाई के अग्रणी योद्धा थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक, इतिहासकार, लेखक और दूरदर्शी राजनेता भी थे।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>